# कार्यालय प्राचार्य
## शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

वेब साइट :– www.gnscr.ac.in ई.मेल:– principal.npgcsr@gmail.com


क्रमांकः /3225/2025 रायपुर, दिनांक 04/12 /2025

## //वार्षिक परीक्षा–2026 के लिए फार्म भरने हेतु सूचना//

महाविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाली स्नातक **(बी.एस–सी. भाग तीन एवं बीसीए भाग दो/तीन) वार्षिक की मुख्य परीक्षा–2026** मे सम्मिलित होने वाले **नियमित एवं भूतपूर्व/पूरक अंतिम अवसर** हेतु पात्रतानुसार परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाइन पद्धति द्वारा महाविद्यालय के वेबसाईट <u>www.gnscr.ac.in</u> द्वारा **ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं ऑनलाइन शुल्क** जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है–

**A- <u>ऑनलाइन भरे हुए आवेदन पत्र की प्रति जमा करने की तिथि–</u>**

| क्रं. | विवरण | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | निर्धारित शुल्क के साथ (बिना विलंब शुल्क) | दिनांक 15.12.2025 से 22.12.2025 तक |
| 2 | निर्धारित शुल्क एवं विलंब शुल्क 100 रू. के साथ | दिनांक 23.12.2025 से 25.12.2025 तक |
| 3 | निर्धारित शुल्क एवं विलम्ब शुल्क 500 रू. के साथ | दिनांक 26.12.2025 से 27.12.2025 तक |

**टीपः–** निर्धारित तिथि के पश्चात् परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की अनुमति नही दी जावेगी।

**B- <u>परीक्षा शुल्क एवं प्रकिया शुल्क का विवरण–</u>**

| कक्षा/परीक्षा का नाम | नियमित | भूतपूर्व | पूरक अंतिम अवसर | ऑनलाईन प्रकिया एवं अग्रेषन शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| बी.एस–सी. भाग तीन | रू. 1600/– | रू. 1600/– | रू. 700/– प्रति विषय | रू. 50/– |
| बीसीए भाग दो | रू. 1800/– | रू. 1800/– | रू. 700/– | रू. 50/– |
| बीसीए भाग तीन | रू. 1800/– | रू. 1800/– | रू. 700/– | रू. 50/– |

**C- <u>आवेदन पत्र जमा करने का समय एवं स्थान–</u>**

**समय**–कार्यालयीन दिवस मे **प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक।**

**स्थान**– महाविद्यालय के **छात्र शाखा** के काउन्टर मे।

**D- <u>वार्षिक परीक्षा–2026 के लिए फार्म भरने हेतु निर्देशः–</u>**

1. वार्षिक परीक्षा–2026 हेतु फार्म भरने का कार्य छात्र/छात्राओं द्वारा महाविद्यालय की वेबसाइट <u>www.gnscr.ac.in</u> के माध्यम से किया जावेगा।
2. सबसे पहले वेबसाइट <u>www.gnscr.ac.in</u> मे दिए गए लिंक से फार्म भरेंगे।
3. इसके लिए छात्र/छात्राएँ पूर्व की कक्षा के अनुक्रमांक या पंजीकृत मोबाइल नं. से Login करेंगे।
4. ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने के बाद परीक्षा फार्म की कापी प्रिंट करके अपने पास रखेंगे।
5. यदि किसी भी प्रकार की समस्या ऑनलाईन फार्म भरने के समय आती हो, तो ईमेल info.onlineexamforms@gmail.com पर अपनी समस्या भेजकर समाधान कर सकते है।

**E- <u>नियमित परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा आवेदन पत्र भरने की पात्रता–</u>**

1. सत्र 2025–26 के लिए जिन नियमित छात्र/छात्राओं ने महाविद्यालय मे पात्रतानुसार स्थायी रूप से प्रवेश लिया है, वे छात्र/छात्राएँ ही नियमित परीक्षार्थी के रूप मे परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन से भरने के लिए पात्र होंगे, यदि वे शेष अन्य आवश्यक शर्ते प्रावधानुसार पूरी करती हो।
2. बी.एस–सी भाग–तीन एवं बीसीए भाग दो/तीन के परीक्षार्थियों के लिए पूर्व कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण

होने के साथ–साथ पूर्व की परीक्षाओं मे **पर्यावरण अध्ययन विषय मे उत्तीर्ण** होना आवश्यक है, अतएव अनिवार्य विषयों/प्रश्नपत्रों के साथ यदि वह परीक्षार्थी पर्यावरण अध्ययन मे अनुत्तीर्ण है, तो वह **पर्यावरण अध्ययन** का भी चयन करें। ज्ञातव्य है कि स्नातक स्तर मे **पर्यावरण अध्ययन** की परीक्षा मे उत्तीर्ण होने के उपरान्त ही उपाधि प्रमाण पत्र मान्य होगी।

**F- भूतपूर्व/पूरक अंतिम अवसर प्राप्त (S.S.) परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा आवेदन पत्र भरने की पात्रता–**

1. यदि परीक्षार्थी बी.एस–सी भाग तीन एवं बीसीए भाग दो/तीन की वार्षिक परीक्षा 2025 मे अनुत्तीर्ण है तो वह भूतपूर्व परीक्षार्थी के रूप मे वार्षिक मुख्य परीक्षा 2026 मे समस्त **सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक परीक्षा** मे सम्मिलित होंगें।
2. यदि परीक्षार्थी पूरक परीक्षा–2025 मे किसी विषय मे सम्मिलित हुआ है और इस परीक्षा मे उसका परीक्षा परिणाम अपरिवर्तित रहा तो वह **पूरक अंतिम अवसर (S.S.)** के रूप मे उसी विषय मे वार्षिक मुख्य परीक्षा 2026 मे सम्मिलित हो सकेंगे।

**G- अन्य जानकारी-**

1. स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष मे **पर्यावरण अध्ययन** की परीक्षा देना अनिवार्य है।
2. यदि परीक्षार्थी महाविद्यालय द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की किसी परीक्षा मे सम्मिलित हुए थे तो उसकी अंकसूची की अभिप्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ अवश्य संलग्न करें।
3. सत्र 2024–25 या उसके पूर्व **अनुचित साधन उपयोग वाले प्रकरण (UFM)** पर महाविद्यालय द्वारा परीक्षा से वंचित किए गये है तो उस अधिसूचना की सत्यापित प्रति जिसमे वर्ष 2026 की वार्षिक मुख्य परीक्षा मे सम्मिलित होने की पात्रता हो, तो इसे संलग्न करना अनिवार्य है।
4. यदि परीक्षार्थी **पर्यावरण अध्ययन** पूर्व मे उत्तीर्ण कर चुका है तो प्रमाणस्वरूप अंकसूची की छायाप्रति संलग्न करे।
5. ऑनलाइन आवेदन करने वाले परीक्षार्थीयों की यह स्वयं की जवाबदारी है कि वह अपना शैक्षणिक ॅअंकसूचियों/प्रमाणपत्रों एवं अन्य जानकारियां सही दी है। जानकारी असत्य पाये जाने पर यदि महाविद्यालय द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही की जाती है तो यह उनकी (आवेदक) जवाबदारी होगी। अतः वे इस बात की जानकारी रखें कि उसने सही जानकारी दी है।

परीक्षा नियंत्रक
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

प्राचार्य
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)

प्रतिलिपिः–

1 समस्त विभागाध्यक्षों को छात्र/छात्राओं के मध्य प्रसारण हेतु।
2 लेखा शाखा/छात्र शाखा को सूचनार्थ।
3. श्री टिकेन्द्र साहू को वेबसाइट में अपलोड करने हेतु'
4 सूचना पटल में चस्पा हेतु।

प्राचार्य
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)